आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 24.03.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में चुनावी सरगर्मियां तेज हो रही है और चुनाव कराने के लिए सरकारी तंत्र भी पूरी तरह तैयार है।
- निर्वाचन अधिकारी ने रटलैण्ड स्थित बडा खाड़ी मतदान केन्द्र का दौरा कर उपलब्ध सुविधाओं का जायज़ा लिया।
- दूर—दराज के गांवों में रहने वाली महिलाओं को सशक्त करने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से महिला मंच का आयोजन किया जा रहा है।
- आज विश्व तपेदिक दिवस मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में चुनावी सरगर्मियां तेज हो रही है और चुनाव कराने के लिए सरकारी तंत्र भी पूरी तरह तैयार है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस. जगलान विभिन्न केन्द्रों और अन्य स्थानों का दौरा कर चुनाव तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी कार्यालय परिसर मे स्थित चुनाव अनुमति प्रकोष्ठ और ब्रेल ऐपिक तैयारी प्रकोष्ठ का दौरा किया तथा कर्मचारियों से बातचीत की। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को कर्मचारियों द्वारा दी जा रही अनुमति की प्रकियाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें ब्रेल ऐपिक तैयारी की प्रकियाओं से भी अवगत कराया गया। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को जन सभाएं करने, रैली निकालने, लाउड स्पीकर का इस्तेमाल करने और चुनाव अभियान के लिए वाहनों के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त करने के लिए ज़िला कार्यालय परिसर में एक एकल खिड़की चुनाव अनुमति प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। चुनावी प्रकिया को और सुगम बनाने के लिए चुनाव आयोग की ओर से सभी दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल ऐपिक जारी करने का निर्देश दिया गया है। इसे देखते हुए ज़िला कार्यालय परिसर में ब्रेल स्किप्ट केन्द्र स्थापित किया गया है।

<><><><><><><>

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए इस्तेमाल होने वाले ई वी एम के लिए पहली रेन्डमाइज़ेशन का काम किया गया। निर्वाचन अधिकारी और ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की निगरानी में किए गए, इस कार्य के दौरान चुनाव से जुड़े अन्य अधिकारी, राष्ट्रीय और राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। रेन्डमाइज़ेशन के बाद ऐसे सभी ई वी एम की सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया।

इस बीच, निर्वाचन अधिकार ने अन्य अधिकारियों के साथ रटलैंड में स्थित बड़ा खाड़ी मतदान केन्द्र का दौरा किया और उन्होंने इस केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रस्तावित संचार योजना जैसी कार्यों का भी निरीक्षण किया। मतदान केन्द्र के स्थानीय मतदाताओं से उन्होंने मुलाकात भी की और स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सहयोग का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने का काम शुरू हो गया है। सत्ताईस मार्च तक दिन में ग्यारह बजे से शाम तीन बजे के बीच नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस मार्च को दिन में ग्यारह बजे निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में कमरा नम्बर एक में किया जाएगा। उम्मीदवार तीस मार्च तक अपने नाम वापस ले सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से हाल ही में समुद्र में तैराकी अभियान का आयोजन किया गया। कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने मरीना पार्क समुद्री क्षेत्र से इस तैराकी अभियान को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान में शामिल सभी तैराकों ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप तक तैराकी की। द्वीपों में परमवीर चक्र से सम्मानित इक्कीस वीरों के नाम पर इक्कीस द्वीपों का नामकरण किया गया है और इन सभी द्वीपों में अलग–अलग तिथियों मे इसी तरह की तैराकी अभियान का आयोजन किया जाएगा। पन्द्रह अगस्त को इसका समापन होगा।

<><><><><><><>

दूर–दराज के गांवों में रहने वाली महिलाओं को सशक्त करने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से महिला मंच का आयोजन किया जा रहा है। बर्माडेरा, करमाटांग और वेबी गांव की महिलाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम के अगले चरण के अवसर पर ज़िला पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल ने करेन समुदाय की महिलाओं से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक बुराईयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीन नए कानूनों के कियान्वयन होने से बालिकाओं का शोषण रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने महिलाओं से अपने आप को सशक्त बनाने को कहा।

<><><><><><><>

आज विश्व तपेदिक दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है– हां, हम टीबी को खत्म सकते है। अपने संदेश में उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने कहा कि यह दिवस तपेदिक के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है, साथ ही वैश्विक टीबी महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को भी तेज़ करता है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर भारत में टीबी सबसे बड़ा बोझ है, लगभग छब्बीस लाख लोग इस बीमारी से ग्रस्त है और करीब चार लाख लोग हर वर्ष इसकी चपेट में आते है। उन्होंने कहा कि कमियों को दूर करने और सामाजिक निर्धारकों को हल करने के लिए सामुदायों और संस्थानों की सकिय भागीदारी आवश्यक है, जिससे तपेदिक उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान मिलता है। उन्होंने सभी संस्थानों और व्यक्तियों को आगे बढ़ने और हमारे द्वीपों से तपेदिक उन्मूलन के सामूहिक प्रयासों में एक जुट होकर टीबी रोगियों को अपना समर्थन देने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

विश्व तपेदिक दिवस मनाए जाने के सिलसिले में राज्य स्तरीय समारोह टैगोर कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव सी. अरविन्द मुख्य अतिथि थे। उन्होंने वार्षिक टीबी रिपोर्ट दो हजार तेईस को जारी करते हुए सभी से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने को कहा और इसके लिए ध्यान, व्यायाम के साथ संतुलित आहार लेने को कहा, ताकि बीमारियों को दूर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार प्रशासन टीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए उचित मात्रा में कोष भी उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर उन्होंने विश्व तपेदिक दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाणपत्रों

का वितरण किया। राज्य तपेदिक अधिकारी डॉ. पी. लाल ने तपेदिक के उपचार, लक्षण और इसके उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रौढ़ बीसीजी टीकाकरण अभियान का भी आधिकारिक रूप से शुरूआत की गई। यू एन डी पी के डॉ. रोहित ने टीबी विन, यू–विन जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के बारे में बताया। प्रौढ़ बीसीजी टीकाकरण तीस मार्च से दक्षिण और मध्योत्तर अंडमान ज़िले में शुरू किया जाएगा।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के गांधी ग्लोबल परिवार ने फिनिक्स–बे निवासी हसीना बीबी के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे चौरानबे वर्ष की थी। शव यात्रा आज दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के गांधी ग्लोबल परिवार की ओर से रोहिन्स आई हॉस्पिटल और नमूनाघर ग्राम पंचायत के सहयोग से आज निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगां। शिविर नमूनाघर पंचायत हॉल में सुबह दस बजे से दो बजे तक चलाया जाएगा। इस दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ. रोहिन्दर लाल और उनकी टीम द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी और दवाओं का वितरण भी किया जाएगा।

<><><><><><><>